आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 10.03.2026
समय 13.05

मुख्य समाचार :–

- गैरसैंण के भराड़ीसैंण में विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी, प्रश्नकाल में विपक्ष का हंगामा।
- देहरादून में झंडा मेले के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य नगर परिक्रमा, बड़ी संख्या में शामिल हुईं संगतें।
- केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का 22 मार्च को श्रीनगर गढ़वाल दौरा प्रस्तावित, राज्य सरकार के चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- हरिद्वार में प्रदर्शनी के जरिए लोगों को आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूक किया जा रहा।

विधानसभा सत्र

गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आयोजित विधानसभा के बजट सत्र की दूसरे दिन सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हो रही है। प्रश्नकाल में विधायकों ने अपने सवालों से सदन को गरमा दिया। डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने प्रस्तावित नंदादेवी राजजात यात्रा की तैयारियों का प्रश्न उठाया। इसके अलावा विधायकों द्वारा सड़क, पर्यटन, वन, सिचाई, स्वास्थ्य, पेयजल से संबंधित सवाल उठाये गये, जिनका संबंधित विभाग के मंत्रियों ने जवाब दिए। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का कहना है कि राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार के संकल्प का आभाव है।

वहीं, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य और भाजपा के वरिष्ठ विधायक मुन्ना सिंह चौहान का कहना है कि विपक्ष का रूख दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष जनहित के मुद्दों से भाग रहा है।

नगर परिक्रमा

देहरादून के प्रसिद्ध झंडा मेले में लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। श्री गुरु राम राय दरबार साहिब परिसर में गुरु महिमा एवं श्री गुरु राम राय जी महाराज के भजन–कीर्तनों की धूम है। झण्डे जी के आरोहण के तीसरे आज भव्य नगर परिक्रमा का आयोजन किया गया। नगर परिक्रमा में महंत देवेन्द्र दास जी महाराज की अगुआई में संगतें शामिल हुईं। नगर परिक्रमा सुबह 7:30 बजे दरबार साहिब परिसर से शुरु हुई, जो सहारनपुर चौक, कांवली रोड, तिलक रोड, टैगोर विला, घण्टाघर, पल्टन बाजार, लक्खीबाग से रीठा मण्डी, श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल बॉम्बे बाग पहुंची। वहां पर प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद ब्रहमलीन श्रीमहंत साहिबान के समाधि स्थल पर मत्था टेकने के बाद सहारनपुर चौक होते हुए नगर परिक्रमा वापस दरबार साहिब पहुंचकर सम्पन्न हुई। दरबार साहिब के अन्दर व बाहर संगतों की सेवा में लंगर लगाए गए हैं।

जनता दर्शन

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में 170 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन कार्यक्रम में आई शिकायतों का समय पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण में की गई कार्रवाई की जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय के साथ–साथ संबंधित शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध कराने को कहा।

राजनाथ सिंह श्रीनगर दौरा

उत्तराखंड में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। प्रदेश की धामी सरकार के दूसरे कार्यकाल के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा बड़े राजनीतिक संदेश देने की तैयारी में है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हरिद्वार दौरे के बाद अब 22 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह श्रीनगर गढ़वाल पहुंचेंगे। वहां वे सरकार के चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को आगामी चुनावों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा इस आयोजन के जरिए सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखने के साथ–साथ कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने की रणनीति पर काम कर रही है। भाजपा की प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि राज्य सरकार ने पारदर्शिता, सुशासन और कई कठोर लेकिन आवश्यक निर्णयों के जरिए उत्तराखंड की छवि को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया है।

प्रदर्शनी का आयोजन

हरिद्वार के बैरागी मैदान में नए आपराधिक कानून बीएनएस, बीएनएसएस और एविडेंस एक्ट की कार्यप्रणाली से लोगों को जागरूक करने के लिए अनोखी प्रदर्शनी लगी हुई है। जिसमें नुक्कड़ नाटक और स्टॉल के जरिए घटना से लेकर कोर्ट के ट्रायल तक की पूरी प्रक्रिया समझाई जा रही है। 7 मार्च को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। फिलहाल रोजाना स्कूलों के छात्र, एडवोकेट और आम लोग प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंच रहे हैं। यहां नुक्कड़ नाटक के कलाकार और पुलिस दर्शकों को बता रहे हैं की नए अपराधिक कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया में कितनी पारदर्शिता और सरलता आ गई है। नुक्कड़ नाटक के जरिए मिल रही जानकारी से स्कूली छात्र भी प्रक्रिया को समझ पा रहे हैं।

एयरपोर्ट विस्तारीकरण

उधमसिंहनगर जिले में स्थित पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण कार्य शुरू हो चुका है। अधिग्रहीत 524 एकड़ भूमि पर बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। हवाई अड्डे का विस्तार कुमाऊं क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे पर्यटकों, स्थानीय निवासियों, औद्योगिक माल ढुलाई और शैक्षणिक संस्थानों से संपर्क स्थापित होने में आसानी होगी।

भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के सिविल हवाई अड्डा पंतनगर के निदेशक पवन कुमार ने बताया कि वर्तमान में 269 एकड़ भूमि पर पंतनगर हवाई अड्डे का टर्मिनल और रनवे है। हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए 524 एकड़ भूमि प्रशासन से अधिग्रहित कर ली गयी है। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 380 करोड़ रुपये है।